# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा / डी0आर0 / 9136
दिनांक : 07.11.2024


### अति–महत्त्वपूर्ण / समयबद्ध

### विज्ञप्ति

सूचित करना है कि सत्र 2024-25 से समस्त छात्रों / महाविद्यालयों की समस्त शैक्षणिक गतिविधियाँ समर्थ पोर्टल के माध्यम से सम्पन्न होनी हैं। विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत समस्त छात्रों के लिए यह आवश्यक है कि वह समर्थ पोर्टल पर अपना व्यक्तिगत लॉगिन कर अपनी जानकारियाँ यथा :– मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 दर्ज करते हुए अपना पासवर्ड रिसेट करें। ऐसे छात्र जो अपना लॉगिन नहीं करेंगे, भविष्य में परीक्षा फार्म भरने, परीक्षा परिणाम देखने इत्यादि से वंचित रह जायेंगे।

उपर्युक्त व्यवस्था को लागू करने हेतु सत्र 2024-25 में प्रविष्ट छात्रों की सूची इस पत्र के साथ इस आशय के साथ संलग्न की जा रही है कि सूची में वर्णित छात्र / छात्रा अपने नाम के सम्मुख आवंटित नामांकन संख्या (Enrolment Number) से वेब लिंक **https://ccsuniversity.samarth.edu.in** पर जाकर अपना लॉगिन करना सुनिश्चित करें। सत्र 2024-25 से पूर्व के प्रविष्ट छात्रों को पहले ही नामांकन संख्या (Enrolment Number) ज्ञात है इसलिए वह अपने नामांकन संख्या (Enrolment Number) से समर्थ पोर्टल के उपर्युक्त वेब लिंक पर लॉगिन करना सुनिश्चित करें।

लॉगिन करने की प्रक्रिया का फ्लो–चार्ट संलग्न हैं।

किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए ई–मेल आई0डी0 **samarthhelpline@ccsuniversity.ac.in** पर अपने विवरण के साथ पूर्ण समस्या लिखते हुए सम्पर्क करें। छात्र / छात्राओं को सलाह दी जाती है कि वह अपना लॉगिन पासवर्ड अपने पास सुरक्षित रखें एवं किसी अन्य व्यक्ति से साझा न करें।

**संलग्नक :**
1. लॉगिन करने की प्रक्रिया का फ्लो–चार्ट।
2. आवंटित नामांकन संख्या के साथ सत्र 2024-25 में प्रविष्ट छात्र / छात्राओं की सूची।

07/11

**उप कुलसचिव (परीक्षा)**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. समस्त विभागाध्यक्ष, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ एवं समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि माननीय कुलाधिपति जी एवं राज्य सरकार द्वारा समर्थ पोर्टल को सक्रिय बनाने के अति–आवश्यक एवं समयबद्ध निर्देशों के आलोक में कृपया अपने विभाग / महाविद्यालय के समस्त छात्रों को अविलम्ब लॉगिन कराना सुनिश्चित करें। प्रत्येक दिवस आपके विभाग / महाविद्यालय के कुल छात्रों में से कितने छात्रों ने लॉगिन कर लिया है कि सूचना आवश्यक रूप से ई–मेल आई0डी0 **examcontroller@ccsuniversity.ac.in** पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
03. प्रो0 संजीव कुमार शर्मा, भौतिक विज्ञान विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
04. प्रभारी–समर्थ पोर्टल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
05. वयैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
06. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त महत्त्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्रों के **सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए**, छात्रहित में, निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

**उप कुलसचिव (परीक्षा)**